डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांक : CoE - 363 / DSMNRU / CoE - 58 / Chal. Eval / Exam / 2022-23 दि० 17/09/22

कार्यालय ज्ञाप

(चुनौती मूल्यांकन–द्वितीय चरण–सितम्बर, 2022)

[Back paper/Spl.backpaper-2021 & Odd Semester Exm-Feb-Apri 2022]

विश्वविद्यालय में प्रचलित व्यवस्थानुसार चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) की प्रथम चरण प्रक्रियान्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा ऑन लाइन आवेदन–आमंत्रण हेतु निर्गत पत्र संख्या सीओई–182 दिनांक 22.07.2022 के क्रम में 31 विद्यार्थियों/आवदेकों से ऑन–लाइन प्राप्त आवेदन के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत कार्यालय ज्ञाप संख्या सीओई–199 दिनांक 29.07.2022 के माध्यम से गठित समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में दी गई संस्तुति पर मा0 कुलपति महोदय द्वारा प्रदत्त अनुमोदनोपरान्त प्रतिभागी इच्छुक विद्यार्थियों (उत्तर पुस्तिका अवलोकनोपरान्त मूल्यांकन से असन्तुष्ट) द्वारा चुनौती मूल्यांकन की द्वितीय चरण की प्रक्रिया हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन लाइन आवेदन निम्नानुसार भरना सुनिश्चित किया जायः–

1) विश्वविद्यालय की वेबसाइट **http://dsmru.up.nic.in** पर प्रदर्शित लिंक **https://dsmnruerp.in/student/login** से अपने नामांकन/अनुक्रमांक (Enrollment No./Roll No.) के माध्यम से Login करते हुए चुनौती मूल्यांकन हेतु ऑन–लाइन आवेदन **दिनांक 17.09.2022 से दिनांक 23.09.2022** तक भर सकते हैं। संबंधित विद्यार्थी उक्त ऑन–लाइन आवेदन की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति अपने पास रिकार्ड हेतु अवश्य सुरक्षित रखें।

2) आवेदक/विद्यार्थी चुनौती मूल्यांकन के द्वितीय चरण में संबंधित विषय कोड की उत्तर–पुस्तिकाओं के पुर्नमूल्यांकन हेतु निर्धारित शुल्क रू0 2500/–प्रति प्रश्न–पत्र की दर से बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow के नाम से संचालित खाता संख्या 36510100000025 (IFSC-BARB0MOHAAN) में RTGS/NEFT के माध्यम से ऑनलाइन जमा करेंगे। निर्धारित शुल्क सहित पूर्ण एवं स्पष्ट ऑन–लाइन आवेदन किये बिना चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) नहीं कराया जा सकेगा। अतः संबंधित आवेदक/परीक्षार्थियों से अपेक्षित है कि समयबद्ध ऑन–लाइन आवेदन में समस्त प्रविष्टियाँ सावधानीपूर्वक स्वयं भरें, क्योंकि आवेदन में किसी भी प्रकार के संशोधन/परिमार्जन एवं अन्यत्र अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा और न ही किसी भी दशा में शुल्क वापसी की जायेगी। अपूर्ण आवेदन किसी भी दशा में मान्य नहीं होगा, जिसके लिये आवेदक स्वयं उत्तरदायी होंगे।

3) ऑन–लाइन सबमिशन की किसी भी समस्या हेतु हेल्प लाइन नं0–**9667277184** पर सम्पर्क करें।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मा0 कुलपति महोदय।
2. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
3. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।
4. शाखा प्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा, मोहान रोड, विश्वविद्यालय, परिसर, लखनऊ।
5. परीक्षा विभाग के संबंधित प्रकोष्ठ/अनुभाग एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एजेन्सी के प्रतिनिधि।

17/9/22

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक